एक नजर में

## सड़क के बीच में बन रही नाली का विरोध

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। हवेली रोड स्थित दाल मिल के पास वार्ड नंबर 6 में ऐसी नाली बनाई जा रही है, जो बीच सड़क से होकर गुजर रही है। जबकि कॉलोनी में पीछे से सड़क के दोनों ओर नाली बनती आ रही है। कुछ लोग मकान के पास नाली बनवाने के लिए तैयार नहीं है। जिसके कारण यह स्थिति बनी है। निर्माण में आ रही समस्या को अधिकारी देखने तक नहीं जा रहे हैं।**

दरअसल वार्ड नंबर 6 में दाल मिल के पास इमली बाबा चबूतरे से लेकर पूरी कॉलोनी और बाहर मुख्य मार्ग तक सड़क और नाली का निर्माण नगर पालिका के द्वारा किया जा रहा है। जिसका ठेका मारवाड़ी कंस्ट्रक्शन के पास है। कॉलोनी की गलियों में सभी जगह सड़क-नाली का निर्माण हो गया, शेष बाहर के हिस्से में होने वाली नाली के निर्माण पर रहवासियों ने आपत्ति जताई है। जबकि पीछे से सड़क के दोनों नालियों का निर्माण होता आ रहा, लेकिन विवेक जैन, लखनलाल नायक के मकान के सामने नाली न बनकर बीच सड़क से नाली बनाने का काम किया गया। रहवासियों के द्वारा मकानों के सामने बनने वाली नाली का विरोध जताया गया। इस मामले में सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत हुई है।

# आज मनाए जाने वाले ईद पर्व को लेकर दिख रहा उत्साह

**रमजान माह की समाप्ति के बाद आज मनेगी ईद**

**मुस्लिम समाज के घरों में बनाए गए विभिन्न पकवान**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। रमजान महीने की समाप्ति के बाद आज शनिवार को ईद का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं,शहर के ईदगाह सहित तमाम मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद मीठी सेवाईयों के साथ ही तरह-तरह के पकवान का लोग आनंद उठाएगे। ईद के दिन लोग महीने भर रोजे रखने के बाद पूरे दिन खाने-पीने की शुरुआत करते हैं, मस्जिदों में खास नमाज अदा की जाएगी। बुजुर्ग लोग अपने छोटे बच्चों को ईदी देते हैं और लोग एक दूसरे के घर मिलने के लिए जाते हैं।**

शहर के ईदगाह में शनिवार को प्रात: 8 बजे ईद की विशेष नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद शहर की तमाम मस्जिदों में नमाजियों द्वारा नमाज पढी जाएगी और देश के अमन-चैन के लिए मुस्लिम भाई दुआ मांगेगे। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोग एक-दूसरे को गले मिलकर तहे दिल से ईद की मुबारकबाद देगे। ईद के पर्व को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। टीकमगढ़ में ईद मौके पर प्रशासनिक व्यवस्थाएं दुरस्त हो चुकी है। पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि मस्जिदों सहित शहर के अन्य स्थानों पर डयूटी के दायित्व अपने पुलिस बल को सौंप दिए है। ईदगाह एवं जमा मस्जिद में ग्यारह-ग्यारह जवान मुस्तेद रहेगे। इसके अलावा शेष नौ स्थानों पर छह-छह पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती की गई है। रमजान महीने की समाप्ति के बाद आज शनिवार को ईद का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं,शहर के ईदगाह सहित तमाम मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद मीठी सेवाईयों के साथ ही तरह-तरह के पकवान का लोग आनंद उठाएगे। ईद के दिन लोग महीने भर रोजे रखने के बाद पूरे दिन खाने-पीने की शुरुआत करते हैं, मस्जिदों में खास नमाज अदा की जाएगी। बुजुर्ग लोग अपने छोटे बच्चों को ईदी देते हैं और लोग एक दूसरे के घर मिलने के लिए जाते हैं। रमजान महीने की समाप्ति के बाद आज शनिवार को ईद का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं,शहर के ईदगाह सहित तमाम मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद मीठी सेवाईयों के साथ ही तरह-तरह के पकवान का लोग आनंद उठाएगे। ईद के दिन लोग महीने भर रोजे रखने के बाद पूरे दिन खाने-पीने की शुरुआत करते हैं, मस्जिदों में खास नमाज अदा की जाएगी। बुजुर्ग लोग अपने छोटे बच्चों को ईदी देते हैं और लोग एक दूसरे के घर मिलने के लिए जाते हैं। दरअसल रमजान की पाक शुरुआत 19 फरवरी से हो हुई थी। और 20 मार्च को 30 वां रोजा रखा गया। इस साल रमजान में कुल चार जुमे हुए है। जिनमें चौथा जुमा यानि रमजान माह का अलविदा जुमा पर शुक्रवार को मुस्लिम भाईयों ने मस्जिदों में नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। इस्लाम में जुमे का दिन बेहद खास माना जाता है और रमजान के महीनें में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। शुक्रवार इस्लाम में सबसे खास और बरकतों से भरा दिन माना जाता है। इसे हफ्ते के बाकी दिनों में सबसे अहम माना गया है, क्योंकि इस दिन को पवित्र दिन बताया गया है। कुरआन और हदीस में जुमा के कई फ जाइल महत्व बताए गए हैं।

### सुबह 8 बजे ईदगाह में होगी नमाज

रमजान महीने की समाप्ति के बाद आज शनिवार को ईद का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं,शहर के ईदगाह सहित तमाम मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। जिला अंजुमन सदर मोहम्मद रज्जाक ने बताया है कि शहर के ईदगाह में सुबह 8 बजे इसके बाद जमा मस्जिद, बड़ा मजार मस्जिद मऊचुंगी, कादरी मस्जिद, कुमैदान मस्जिद एवं भिशितयान मस्जिद पुराना बस स्टेंड पर सुबह 8 .15 इसके अलावा सुबह 8 .30 बजे सुल्तान खां मस्जिद, नूरानी मस्जिद,बड़ी तकिया मस्जिद,नजाई मस्जिद एवं चिशितया मस्जिद पर बिशेष नमाज अदा की जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### अलविदा जुमा पर की विशेष नमाज अदा

रमजान के माह की शुरुआत 19 फरवरी से हुई थी। 20 मार्च को रमजान माह का पांचवा एवं अलविदा जुमा का महत्वपूर्ण दिन माना गया इस दिन रोजदारों ने मस्जिदों में पहुंचकर जुमा की विशेष नमाज अदा की। इस साल रमजान में कुल पांच जुमा हुए है। जिनमें पांचवा जुमा समाप्त हो चुका है। अब लोगों ने आज मनाए जाने वाले ईद के त्यौहार की सारी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। लोगों ने शुक्रवार को ईद की जमकर खरीददारी की है।

## मौसम में बदलाव, सुबह हुई बूंदाबांदी



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शुक्रवार सुबह मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह करीब 5 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई, जिसके बाद आसमान में बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। मौसम विभाग ने पहले ही मौसम में बदलाव की चेतावनी जारी की थी।**

भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, बीते 24 घंटे में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.02 डिग्री था। गुरुवार को अधिकतम तापमान 36.02 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आज तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। इसके चलते आज अधिकतम तापमान में 6 से 7 डिग्री की कमी आ सकती है, जबकि रात का तापमान घटकर 14 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। जिलेभर में गेहूं की फसलों की कटाई चल रही है। मौसम में आए इस बदलाव से किसानों में चिंता बढ़ गई है। किसान सत्येंद्र कुशवाहा ने बताया कि हल्की बूंदाबांदी से ज्यादा नुकसान नहीं होगा, लेकिन अगर तेज बारिश होती है तो किसानों को बड़े पैमाने पर नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है। इससे पहले अधिक बारिश के कारण खरीफ की फसल को भी नुकसान हुआ था। शुक्रवार सुबह मौसम का मिजाज बदल गया। जिसके बाद आसमान में बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। मौसम विभाग ने पहले ही मौसम में बदलाव की चेतावनी जारी की थी।

## लुटेरी दुल्हन ससुराल से जेवरात लेकर रफूचक्कर



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पलेरा नगर परिषद में एक लुटेरी दुल्हन का मामला सामने आया है। शादी के महज 20 दिन बाद ही दुल्हन अपने ससुराल से जेवर और कीमती सामान समेटकर रफूचक्कर हो गई। पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को पलेरा थाने पहुंचकर शिकायत की है।**

वार्ड नंबर 1 के निवासी पुरुषोत्तम जायसवाल (26) ने बताया कि उसकी शादी 20 दिन पहले सासाराम की रहने वाली संध्या कुमारी (21) से हुई थी। गुरुवार रात करीब 1 बजे दुल्हन ने बाथरूम जाने का बहाना बनाया और कमरे से बाहर निकली। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन वह कहीं नहीं मिली।परिजन का आरोप है कि दुल्हन अपने साथ सोने का मंगलसूत्र, नाक-कान के आभूषण और चांदी की पायल सहित अन्य कीमती सामान ले गई है। हैरान करने वाली बात यह है कि वह घर में रखी मोटरसाइकिल की चाबी भी अपने साथ ले गई, ताकि कोई उसका पीछा न कर सके।

## रेल यात्रियों की सुविधा के लिए लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पर्यटन नगरी ओरछा में रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है।**

पत्र में श्री सिंधिया ने लिखा है कि मध्य प्रदेश स्थित ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगरी ओरछा को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पर्यटन हब के रूप में विकसित किए जाने हेतु विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं देश-विदेश से पर्यटकों का आगमन होता है तथा विशेष धार्मिक अवसरों एवं उत्सवों के दौरान यह संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़ जाती है। वर्तमान में ओरछा रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाएं एवं परिचालन क्षमता यात्रियों की बढ़ती संख्या की तुलना में सीमित प्रतीत होती हैं, जिसके कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है तथा क्षेत्रीय पर्यटन की संभावनाओं का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है। रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री सिंधिया ने रेल मंत्री को पत्र लिखा है।

## भगवान झूलेलाल के जयकारों से गूंज उठा गुरुद्वारा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सिंधी समाज के प्रमुख पर्व चैती चांद के उपलक्ष्य में शहर के सिंधी गुरुद्वारा में आज भव्य एवं श्रद्धापूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही गुरुद्वारा परिसर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा और पूरा वातावरण भगवान झूलेलाल के जयकारों से गूंज उठा।**

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल की विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं ज्योत प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट की और माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक यादवेंद्र सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने भगवान झूलेलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया और सिंधी समाज के लोगों को चैती चांद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक पर्व समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

## डिवाइडर कट करने से हो रही परेशानी

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्ट्रेट के पास रेलवे के रैक प्वाइंट तक ट्रकों की आवाजाही के लिए नगर पालिका द्वारा डिवाइडर कट कर रास्ता बना दिया गया है, जिससे दिनभर ट्रकों की आवाजाही के चलते कई बार सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन जाती है।**

जानकारी के मुताविक व्यवस्था के अनुसार इस स्थान पर व्यापारी संघ को अपने निजी कर्मचारी तैनात करने थे, जिससे ट्रकों के आवागमन के दौरान आम लोगों को रोका जा सके और यातायात सुचारू बना रहे। लेकिन व्यापारी संघ की ओर से कर्मचारी तैनात न किए जाने से स्थिति बिगड़ती जा रही है। रेलवे के रैक प्वाइंट तक ट्रकों की आवाजाही के लिए नगर पालिका द्वारा डिवाइडर कट कर रास्ता बना दिया गया है।

## क्षमतावर्धन कार्यक्रम का एनआईसी से लाइव प्रसारण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा के तत्वावधान में 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के द्वितीय बैच का आयोजन 16 से 20 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें द्वितीय सत्र में एनसीसी, एनएसएस, एनवाईके, सीडीव्ही एवं होमगार्ड को शामिल किया गया है।कार्यक्रम का एनआईसी केन्द्र से लाईव प्रसारण देखा गया।**

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस बीपी नामदेव जिला सेनानी द्वारा प्रथम ,द्वितीय दिवस मैं भूकंप के संबंध में जो पढ़ाया गया था उसका रिवीजन करवाया गया एवं भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त इमारतों में खोज,एवं बचाव कार्य के तरीके बताये गए। अमित दुबे प्लाटून कमांडर द्वारा भूकंप में ध्वस्त इमारतों एवं उससे उत्पन्न अन्य समस्याओं एवं उनके निराकरण की जानकारी दी गई। जिले के यातायात प्रभारी कैलाश पटेल द्वारा भूकंप के दौरान ध्वस्त यातायात व्यवस्था को सुचारू करने हेतु विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यशाला में अपर कलेक्टर, ज्वाइंट कलेक्टर, एवं डिप्टी कलेक्टर भी उपस्थित रहे। सभी के द्वारा भूकंप आपदा एवं उसके प्रबंधन की बेसिक जानकारी सरल भाषा में दी गई। कार्यशाला में शामिल सभी सीडीव्ही द्वारा मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित सीडीव्ही समागम कार्यक्रम का एनआईसी केन्द्र से लाईव प्रसारण देखा गया।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा के तत्वावधान में 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के द्वितीय बैच का आयोजन 16 से 20 मार्च तक किया जा रहा है।

# देवीनगर गांव का नाम प्राचीन देवी की आस्था का केन्द्र

**प्राचीन देवी स्थल अपनी मान्यताओं में महत्वपूर्ण**

**लोगों की आस्था का केन्द्र बना जिले का देवी नगर गांव**




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। जिले में देवीनगर गांव का नाम आस्था के केंद्र प्राचीन देवी स्थल से जुड़ा है। रियासत काल में देवी की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही गांव का नामकरण किया गया था। खास बात यह है कि देवी मां का कोई अन्य नाम जैसे दुर्गा, काली, जगदंबा आदि नहीं है।**

जानकारी के अनुसार देवी के नाम से ही पूजा जाता है। बल्देवगढ़ जनपद से करीब 4 किलोमीटर दूर स्थित देवी नगर का प्राचीन देवी स्थल आज भी अपनी चमत्कारी मान्यताओं के कारण दूर-दूर तक श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां जहरीले कीड़े या सांप के काटने पर बिना किसी दवा के केवल माता की परिक्रमा और ध्यान करने से जहर उतर जाता है। इस आस्था के चलते आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। जानकारी के अनुसार, इतिहास के पन्नों में दर्ज इस मंदिर का निर्माण टीकमगढ़ के राजा वीर सिंह द्वारा कराया गया था। गांव के वरिष्ठ व सेवानिवृत्त शिक्षक भगवत नारायण यादव ने बताया कि राजशाही दौर में यहां बड़े पैमाने पर गोपालन होता था। यहां चूना-पत्थर से बनी पुरानी पट्टी आज भी मौजूद है, जहां कभी राजा की गायें पानी पीने आती थीं। राजा वीर सिंह जू देव ने देवी की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। उसी समय इस क्षेत्र का नाम देवी नगर रखा गया। देवी स्थल आज भी अपनी प्राचीनता और स्थापत्य कला की झलक दिखाता है। पहले परकोटे में देवी जी विराजमान हैं, जिनके चारों ओर दीवार बनी है, जबकि दूसरे परकोटे में चारों तरफ मजबूत दीवारें हैं, जो उस समय की वास्तुकला का सजीव उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

आस्था, इतिहास और चमत्कार का यह संगम क्षेत्र को एक अनूठी पहचान देता है, जहां विश्वास ही सबसे बड़ी दवा माना जाता है। साक्षरता का स्तर अच्छा होने के कारण गांव के लगभग हर परिवार से कम से कम एक सदस्य शासकीय सेवा में है।जिले में देवीनगर ! गांव का नाम आस्था के केंद्र प्राचीन देवी स्थल से जुड़ा है। रियासत काल में देवी की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही गांव का नामकरण किया गया था। खास बात यह है कि देवी मां का कोई अन्य नाम जैसे दुर्गा, काली, जगदंबा आदि नहीं है। यहां दूर-दूर से लोग माता के दरवार में रोजाना दर्शन करने आते है।

भजन संध्या | युवाओं ने भजनों पर किया जमकर नृत्य

# हिंदू नव वर्ष की देर शाम प्रसिद्ध गायिका ने भजन किए प्रस्तुत




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के प्राचीन नजरबाग मंदिर में हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन गायिका शक्ति दुबे ने अपने साथी कलाकारों के साथ कई धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मौजूद युवाओं ने भजनों पर जमकर नृत्य किया।**

श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्य अजय सिंह ने बताया कि हिंदू नव वर्ष के अवसर पर हर साल मंदिर परिसर में दीपोत्सव के साथ भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है।इस वर्ष छतरपुर जिले से आईं भजन गायिका शक्ति दुबे ने माता रानी के गीत से भजन संध्या की शुरुआत की। उन्होंने बागेश्वर धाम पर आधारित एक बुंदेली गीत भी सुनाया। भक्ति गीतों पर महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। यह कार्यक्रम देर रात तक चला, जिसमें भक्तों ने भजनों का खूब आनंद लिया। रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मोत्सव परिवार की ओर से बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। सुबह से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। इसके अतिरिक्त, नवरात्र शुरू होते ही शाम को महा आरती के आयोजन आज से शुरू होंगे। शहर के विभिन्न मोहल्लों में देवी मां की महा आरती की जाएगी। भगवान श्री राम का जन्म महोत्सव 27 मार्च को मनाया जाएगा। हिंदू नववर्ष के अवसर पर ऐतिहासिक नजरबाग मंदिर में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने मंदिर परिसर में 1100 दीपक प्रज्वलित कर आगामी रामनवमी उत्सव का शंखनाद किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने दीपदान कर पूजा-अर्चना की। जन्मोत्सव की तैयारियों के तहत श्रीराम जन्मोत्सव परिवार द्वारा प्रतिदिन सुबह शहर के विभिन्न वार्डों में प्रभात फेरी निकाली जा रही है। इन फेरियों के माध्यम से नागरिकों को आगामी धार्मिक आयोजनों से जोड़ा जा रहा है। 200 साल पुराने इस प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में पिछले 21 वर्षों से जन्मोत्सव का यह सिलसिला निरंतर जारी है। मुख्य कार्यक्रम 27 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, दोपहर 12 बजे नजरबाग मंदिर में प्रभु श्रीराम का जन्म महोत्सव मनाया जाएगा। इसके पश्चात शाम 5 बजे मंदिर परिसर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### 1100 दीपक प्रज्वलित कर रामनवमी का शंखनाद

श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने मंदिर परिसर में 1100 दीपक प्रज्वलित कर आगामी रामनवमी उत्सव का शंखनाद किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने दीपदान कर पूजा-अर्चना की। जन्मोत्सव की तैयारियों के तहत श्रीराम जन्मोत्सव परिवार द्वारा प्रतिदिन सुबह शहर के विभिन्न वार्डों में प्रभात फेरी निकाली जा रही है।

## शेष आबकारी दुकानों की अधिसूचना जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सर्वसाधारण व इच्छुक व्यक्तियों एवं आबकारी ठेकेदारों की विशेष जानकारी के लिये राज्य शासन के आदेशानुसार यह सूचना प्रकाशित की गई है कि वर्ष 2026-27 के लिये एक अप्रैल से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिये प्रथम चरण, द्वितीय चरण, तृतीय चरण, चतुर्थ चरण एवं पंचम चरण के उपरांत निष्पादन से शेष रही मदिरा दुकानों के समहों के निष्पादन हेतु ई-टेण्डर ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम आक्शन के छटवां चरण हेतु 10 मदिरा समूह 26 कंपोजिट मदिरा दुकान में निष्पादन व्यवस्था वर्ष 2026-27 के लिए अधिसूचित शर्तों, निर्बन्धनों के अधीन कार्यक्रम अनुसार किया जाना है।**

ई-टेण्डर ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन हेतु ऑन लाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय 20 मार्च को प्रात: 10 बजे से दिनांक 22 मार्च को दोपहर एक बजे तक, ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय 22 मार्च को दोपहर 1:05 बजे से, ई-टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ एवं बंद होने की तिथि एवं समय 22 मार्च को सायं 2:30 बजे से सायं 4:30 बजे तक तत्पश्चात 15 मिनिट के अंतराल में बोली दिये जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि, ई-टेण्डर खेलने की तिथि एवं समय संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 22 मार्च को सायंकाल 6 बजे जो भी बाद में हो, जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन के माध्यम से निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय ई-टेण्डर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक निर्धारित किया गया है। तिथियों में परिवर्तन का अधिकार आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश को रहेगा।

## भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान संपन्न

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र में भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान का आयोजन का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, कर्मचारी, किसान एवं छात्रों द्वारा देखा गया।**

ऑनलाइन माध्यम से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान द्वारा देश में 19 मार्च से 19 अप्रैल तक भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान का आज से सुभारम्भ किया गया, जो कि देश भर में ये अभियान गाँव-गाँव में भूमि के प्रति पोषण एवं संरक्षण करने के लिए किसानों में जागरूकता पैदा करने के लिए चलाया जायेगा। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जिले के 40 गांवों में ये अभियान चलाया जायेगा। भूमि पोषण के लिए मृदा परिक्षण एवं मृदा में कार्बन पदार्थ के बढावा के लिए वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को प्रेरित किया जायेगा।